on 10.2.94 in terms of Section 17(2)of the Sick Industrial Companies (Special Provisions) Act, 1985. Consequent upon failure of IDPL to reach the targeted levels of production and sales in 1994-95, the BIFR reviewed the position and thereafter appointed the Industrial Development Bank of India (IDBI, Bombay as the Operating Agency for a techno-economic viability study and for suggesting long-term rehabilitation measures for IDPL. The Operating Agency has not yet completed the study and its report is awaited. The next date of hearing in the case of IDPL is scheduled for 15/1/97.

आन्ध्र प्रदेश में रेलवे परियोजना का कार्यान्वयन

887. डा० वाई० लक्ष्मी प्रसाद: क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) आठवीं पंचवर्षीय योजना के दौरान आन्ध्र प्रदेश के लिए रेल परियोजनाओं का ब्यौरा क्या है, और इन परियोजनाओं के कार्यान्वयन की स्थिति क्या है,

(ख) प्रत्येक रेल परियोजना का अनुमानित व्यय कितना है और अब तक इन पर कितनी धनराशि खर्च की जा चुकी है,

(ग) वर्ष 1996-97 के रेल बजट मे इन परियोजनाओं के लिए कितनी धनराशि निर्धारित की गयी है, और

(घ) प्रत्येक परियोजना को पूरा होने का लक्ष्य क्या था, प्रगति की वर्तमान गति क्या है और इन परियोजनाओं के कब तक पूरा होने की संभावना है?

रेल मंत्रालय में रेल राज्य मंत्री (श्री सतपाल महाराज): (क) से (घ) आन्ध्र प्रदेश में 5 करोड़ रुपये से अधिक लागत वाली जिन परियोजनाओं की आठवीं योजना में

क्रम सं०	परियोजना का नाम	लंबाई	प्रत्याशित लागत (करोड़ रु० में)	96-97 के लिए आबंटन (करोड़ रु० में)	अब तक किया गया खर्च (करोड़ रु० में)	लक्ष्य तिथि/टिप्पणी
1	2	3	4	5	6	7
1.	विजयवाड़ा-विशाखापत्तनम सहित सामलकोट-काकिनाड़ा शाखा लाइन का विद्युतीकरण	366 मार्ग कि.मी.	188.13	50.87	130.99	मार्च, 1997
2.	रेणिगुंटा-हासपेट के रेणिगुंटा साकीबंद भाग का विद्युतीकरण	328 मार्ग कि.मी.	177.02	कुछ नहीं	6.73	कार्य आस्थगित कर दिया गया।
3.	पेद्दापल्ली-करीमनगर-निजामाबाद नई लाइन	177 कि.मी.	193	4.51	8	9वीं योजना
4.	नंदियाल-येरागुंटला नईलाइन	126 कि.मी.	156	0.50	कुछ नहीं	10वी योजना
5.	गुंटूर-गुंतकल आमान परिवर्तन	458 कि.मी.	421	65	271	मार्च, 1997
6.	सोलापुर-गदग आमान परिवर्तन	300 कि.मी.	180	25	60.07	दिसम्बर, 1998
7.	सिकंदराबाद-द्रोणाचलम आमान परिवर्तन	331 कि.मी.	288	10	184	दिसम्बर, 1997
8.	काटपाडि-तिरूपति आमान परिवर्तन	105 कि.मी.	62	1	8	जिस कार्य को पहले "बोल्ट योजना के अंतर्गत आरंभ किया जाना था, अब उसे "रेलवे परियोजना" के रूप में निष्पादित किया जाना है। लक्ष्य तिथि 1998-99